एसएलसीएम की एसियान एवं अफ्रीका में विस्तार करने की योजना

सोहनलाल कमोडिटी मैनेजमेंट (एसएलसीएम) ने एसियान एवं अफ्रीका के नए विकासशील देशों में विस्तार करने की योजना बनायी है । इसके तहत वह शीघ्र ही इन देशों की कृषि अर्थव्यवस्था को वैज्ञानिक सपोर्ट आफर करेगी । ग्रुप सीईओ संदीप सभरवाल ने उक्त जानकारी देते हुए आगे कहा कि इस दृष्टिकोण के साथ कंपनी ने म्यांनमार में अपना कामकाज शुरू किया है ।

उन्होंने कहा कि एसएलसीएम वेयरहाउस मैनेजमेंट में प्राइवेट इक्विटी फंडिंग का तीन सफल राउंड एकत्र करने वाली एक प्रथम कंपनी है और उसे नेक्सस वेंचर पार्टनर्स, मेफिल्ड वेंचर पार्टनर्स, एवरस्टोन कैपिटल एवं आईसीआईसीआई ईआईएफ जैसे श्रेष्ठ संस्थागत शेयरधारकों का सपोर्ट मिला है । भारत जैसे देश में कटाई बाद का नुकसान 10% होने का अनुमान है, लेकिन जहां पर कंपनी की टेक्नोलाजी का उपयोग हुआ है, वहां नुकसान घटर 0.5% हो गया है । एसियान देशों में कंपनी हर स्थल पर 2.5 से 3 करोड़ रु. का निवेश करेगी ।